अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधिता दिवस

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

22 मई 2024 को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधिता दिवस (International Day For Biological Diversity- IDB) पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिये जैवविविधिता के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाता है।

- **वर्ष** 2024 की **थीम "योजना का हिस्सा बनें (Be Part of the Plan)"**, जैवविविधिता के नुकसान से निपटने और कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधिता फ्रेमवर्क को लागू करने के लिये एकजुट होने प्रयास के महत्त्व पर प्रकाश डालती है।

अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधिता दिवस:

- वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र महासभा (United Nations General Assembl-UNGA) ने आधिकारिक तौर पर 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधिता दिवस घोषित किया।
- जैवविविधिता पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (United Nations Convention on Biological Diversity- UNCBD) **22 मई 1992** को अपनाया गया था।
  - UNCBD जैवविविधिता के संरक्षण के लिये **कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है।**
  - **भारत इस संधि का एक पक्षकार है** और इसने जैवविविधिता अधिनियम, 2002 लागू किया है।
- **जैवविविधिता शब्द** एक अवधारणा के रूप में पहली बार **वर्ष 1985 में वाल्टर जी. रोसेन** द्वारा दिया गया, जिसमें **पौधों, बैक्टीरिया, जानवरों और मनुष्यों** सहित **सभी जीवन रूपों की विविधता** शामिल है।
- UNGA ने **वर्ष 2011-2020** को जैवविविधिता पर संयुक्त राष्ट्र दशक के रूप में नामित किया है, जिसका उद्देश्य जैवविविधिता के लिये एक रणनीतिक योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाना है।

और पढ़ें: वैश्विक जैवविविधिता फ्रेमवर्क कोष, जैवविविधिता पर अभिसमय

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-day-of-biodiversity